समाचार

# स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में देश में कोरबा ने दर्ज किया टॉप 10 में 8वॉ स्थान

## (प्रदेश में हासिल किया नगर निगम कोरबा ने स्वच्छता में पॉचवा स्थान)




कोरबा 17 जुलाई 2025 – स्वच्छ शहरों में छतीसगढ़ मे हमारा कोरबा नगर निगम का पांचवा साफ–सुथरा शहर है। देश में नगर निगम कोरबा साफ–सफाई में 8 वें पायदान पर रैंक प्राप्त किया है, नगर निगम ने स्वच्छता में किए अपने बेहतर प्रयास पर यह खास उपलब्धि हासिल की है। वर्ष 2023 में देश के 446 शहरों में कराए गए स्वच्छ सर्वेक्षण में नगर पालिक निगम कोरबा ने बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए राज्य में दूसरा व देश में 26 वां स्थान प्राप्त किया था। इस वर्ष कोरबा ने गारवेज फ्री सिटी में 3 स्टार की रैंकिंग प्राप्त करने के साथ ओडीएफ प्लस–प्लस में भी Water+ का एक नया अध्याय जुड़ा है, जो कि नगर निगम कोरबा की एक नई उपलब्धि के रूप में भविष्य में स्वच्छ सर्वेक्षण में एक नया मुकाम हासिल करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के कुशल मार्गदर्शन में भारत सरकार का महत्वपूर्ण मिशन '' स्वच्छ भारत मिशन '' मे स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के लिये निगम के स्वच्छता से संबंधित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम ने कमाल करते हुए, मेहनत से गारवेज फ्री सिटी प्रतिस्पर्धा में नगर पालिक निगम कोरबा को 3 स्टार के रूप मे सफलता मिली है। साथ ही निगम ने ओडीएफ प्लस–प्लस मे Water+ का दर्जा प्राप्त कर एक नया मुकाम हासिल किया है। नगर पालिक निगम कोरबा ने मिशन क्लीन सिटी के अंतर्गत शासन द्वारा मार्च 2024 में स्वच्छ सर्वेक्षण कराया गया था। 03 लाख से 10 लाख वाले जनसंख्या से ऊपर वाले देश के शहरों की केटेगरी में यह सर्वेक्षण किया गया । स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 मे (Big Cities (3L- 10L Population)) के वर्ग में 12000 में से 10564 अंक अर्जित किये है। महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत व आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों, सामाजिक धार्मिक सगठनों एव आम नागरिको के सहयोग से नगर निगम ने यह उपलब्धियों हासिल की हैं। हम सब मिलकर आगे और अधिक अच्छा कार्य करेंगे तथा सभी के सहयोग से अपने कोरबा शहर को स्वच्छ सर्वेक्षण रैंकिंग में प्रथम स्थान दिलाएंगे। उन्होंने आमजन से अपील की है कि वे शहर को साफ–सुथरा रखने में अपना और अधिक सहयोग दें।

इस बेहतर कामयाबी के उपलब्धि के अवसर पर नगर निगम कोरबा आयुक्त श्री आशुतोश पाण्डेय ने श्री विनय मिश्रा अधीक्षण अभियंता श्री सुरेश बरुआ, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय तिवारी, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक श्री सुनील कुमार वर्मा ,स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक श्री धनमोहन रात्रे, श्री पंकज कुमार गवेल, एस.बी.एम. एम.आई एस. ऑपरेटर श्री नवीश गुप्ता को नगर निगम कोरबा के थीम "हमर सोनू के सफाई के राजा" को देते हुए बधाई दी है, एव आने वाले वर्ष मे होने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए और अधिक अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया गया।